प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

पुलिस मुठभेड़ में दस हजार रुपये का इनामिया शातिर अपराधी गिरफ्तार

अवैध शस्त्र व कारतूस बरामद

दिनांक 17.11.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा गम्भीर घटनाओं संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं-

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 17.11.26 को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बिसवां श्री हर्षित चौहान के नेतृत्व में थाना मानपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 127/2026 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस थाना लहरपुर, मु0अ0सं0 68/2026 धारा 305(a) बीएनएस थाना तालगांव व मु0अ0सं0 166/2026 धारा 305(a) बीएनएस थाना तालगांव में वांछित अभियुक्त लवकुश पुत्र जगमोहन निवासी ग्राम रायपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर को भुइलाकला नहर पुलिया के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया जाने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ व सतर्कता का परिचय देते हुए बाल-बाल बचाव किया और त्वरित दबिश देकर पुलिस टैक्टिस से अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है तथा विभिन्न गंभीर धाराओं में करीब आधे दर्जन से ऊपर अभियोग पंजीकृत है।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

पुलिस मुठभेड़ व गिरफ्तारी का विवरण:

दिनांक 16/17.11.2026 की रात्रि मुखबिर की सूचना एवं पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान भुइलाकला नहर पुल के पास संदिग्ध अभियुक्त को घेरा गया। पुलिस पार्टी को देखकर अभियुक्त द्वारा पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचे से फायर किया गया। पुलिस टीम ने सूझबूझ, आत्मकेंद्रित सतर्कता और बल प्रयोग करते हुए आत्मरक्षार्थ एवं घेराबंदी कर अभियुक्त को मौके पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामदगी का विवरण निम्नवत है-

1. एक अदद देशी तमंचा 315 बोर।
2. एक अदद अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर

अभियुक्त का नाम पता-

लवकुश पुत्र जगमोहन निवासी ग्राम रायपुर थाना मानपुर जनपद सीतापुर

अनावरित अभियोग-

1. मु0अ0सं0 127/2026 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस थाना लहरपुर
2. मु0अ0सं0 68/2026 धारा 305(a) बीएनएस थाना तालगांव
3. मु0अ0सं0 166/2026 धारा 305(a) बीएनएस थाना तालगांव

आपराधिक इतिहास लवकुश उपरोक्त-

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना
1	32/2022	394/411 भादवि	थानगांव
2	38/2022	25(1-बी) आयुध अधि0	थानगांव
3	219/2022	2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट	थानगांव

4	83/2023	411/459 भादवि	सकरन
5	268/2023	4/25 आयुध अधि0	मानपुर
6	68/2026	305(a)/317(2)/331(4) बीएनएस	तालगांव
7	166/2026	305(a)/317(2) बीएनएस	तालगांव
8	127/2026	305(a)/317(2)/331(4) बीएनएस	लहरपुर

पुलिस टीम थाना मानपुर-

1.प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना मानपुर,सीतापुर
2.उ0नि0 श्री रामवृक्ष यादव
3.हे0का0 शिवशंकर
4.हे0का0 धीरज कुमार
5.हे0का0 रमेश कुमार यादव
6.हे0का0 राममोहन
7.का0 धर्मेन्द्र कुमार वर्मा
8.का0 शुभम पाल
9.का0 विनीत कुमार सिंह


थाना मानपुर
थानामानपुर-जनपदसीतापुर